# तरंग

अप्रैल-जून,2023






## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण

16 वर्षों से भारत का नंबर 1 मेजर पोर्ट

SAGARMALA

दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण
DEENDAYAL PORT AUTHORITY

# विषयवस्तु


| | |
|---|---|
| मुख्य अंश | 3-7 |
| गतिविधियाँ | 7-15 |
| प्रशिक्षण कार्यक्रम | 16 |
| पुरस्कार एवं सम्मान | 17 |
| दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण खबरों में | 18 |

# दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, कंडला ने लगातार 16वें वर्ष नंबर 1 स्थान बनाए रखा।

लगातार 16वें वर्ष, दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, कंडला ने सभी महापत्तनों के बीच नौभार प्रहस्तन के क्षेत्र में अपना नंबर 1 पर स्थान बनाए रखा। वित्तीय वर्ष 2022-23 में, दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण ने 137.56 मिलियन मीट्रीक टन नौभार का प्रहस्तन कर पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 8.2% से अधिक की वृद्धि दर्ज की।



# मुख्य अंश

## माननीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया जी ने भीषण चक्रवाती तूफान "बिपरजॉय" के मद्देनजर दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, कंडला का दौरा किया।










माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और रसायन एवं उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया जी ने दिनांक 13 जून, 2023 को अत्यंत भीषण चक्रवाती तूफान "बिपरजॉय" के मद्देनजर दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, कंडला का दौरा किया। कंडला की यात्रा के दौरान माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और रसायन एवं उर्वरक मंत्री के साथ श्री एस.के. मेहता, आईएफएस, अध्यक्ष दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, माननीय सांसद-कच्छ श्री विनोद चावड़ा; माननीय विधायिका-गांधीधाम, श्रीमती मालितबेन महेश्वरी; डॉ. निमाबेन आचार्य, माननीय पूर्व अध्यक्ष, विधानसभा और पूर्व विधायक-भुज उपस्थित रहे। कंडला में अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने चक्रवात "बिपरजॉय" की तैयारियों का अवलोकन करने के लिए विभिन्न स्थानों का दौरा किया, जिसमें कंडला का आरओबी, बन्ना क्षेत्र-कंडला, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर-कंडला, नॉर्थ गेट-कंडला आदि शामिल रहे।

डॉ. मनसुख मंडाविया ने गांधीधाम के पोर्ट नगरक्षेत्र गोपालपुरी में दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण द्वारा प्रबंधित कंडला तटीय क्षेत्र के निचले क्षेत्र के लगभग 2200 श्रमिकों, मजदूरों और मछुआरों के लिए अस्थायी विश्राम आश्रय का भी दौरा किया।

अत्यंत गंभीर चक्रवाती तूफान "बिपरजॉय" के आने की संभावना के कारण, कंडला के निचले इलाके में रहने वाले 2200 से अधिक कामगारों, मजदूरों, मछुआरों को वहाँ से निकाला गया, दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण द्वारा उन्हें आश्रय प्रदान किया गया तथा उनके भोजन और पानी की व्यवस्था की गई।

चक्रवात बिपरजॉय से उत्पन्न खतरे के कारण सारे क्षेत्र को खाली करा दिया गया। ऐसे में जीसीसीआई के सहयोग से दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, कंडला द्वारा कंडला के निचले इलाके में जंगली जानवर जैसे ऊंट, आवारा कुत्ते, गाय और पक्षियों को भोजन और पानी उपलब्ध कराकर सराहनीय कार्य किया गया।

# मुख्य अंश

## श्री सुधांश पंत द्वारा डीपीए के परिचालन क्षेत्र का दौरा किया गया।




भारत सरकार के पत्तन, पोत-परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के सचिव श्री सुधांश पंत, आईएएस द्वारा पिछले सप्ताह कंडला स्थित दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण के परिचालन क्षेत्र का दौरा किया गया। सीआईएसएफ डीपीए यूनिट द्वारा नॉर्थ गेट पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। श्री पंत ने डीपीए में चल रही विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण एवं कंडला में 34 हेक्टेयर यार्ड में कोल डस्ट सप्रेशन स्प्रींकलींग सिस्टम का उद्घाटन किया। डीपीए के अध्यक्ष, श्री एस.के. मेहता आईएफएस ने समीक्षा बैठक में, उन्हें पोर्ट के प्रदर्शन तथा विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी। सचिव ने पोर्ट की विभिन्न पहलों पर प्रसन्नता एवं संतुष्टि व्यक्त की और इसके लिए प्रबंधन की सराहना की।



## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, कंडला ने ऑयल जेट्टी 7 पर एम.टी. जीडब्ल्यू डॉल्फिन द्वारा अब तक का सर्वाधिक 46000 मीट्रिक टन खाद्यतेल का प्रहस्तन किया।

पहले कंडला क्रीक में ऑयल जेट्टी पर 25000 मीट्रिक टन के औसत पार्सल आकार वाले खाद्य तेल टैंकरों का प्रहस्तन किया जाता था। अब ऑयल जेट्टी 7 के चालू होने से, कंडला पोर्ट 230 मीटर एलओए और 13 मीटर ड्राफ्ट तक के जहाजों को संभालने में सक्षम है। अत: खाद्य तेल के जहाजों के पार्सल आकार में काफी वृद्धि हुई है। दिनांक 05-04-2023 को एम.टी. विस्को एडवेंचर 42,000 मीट्रिक टन खाद्य तेल के पार्सल के साथ घाट पर लगाया गया। दि. 21.05.2023 को एम.टी. जीडब्ल्यू डॉल्फ़िन 46,000 मीट्रिक टन सीडीएसबीओ के पार्सल के साथ ऑयल जेट्टी 7 पर आया जिसमें 15 आयातकों का माल था, जिसे 9 अलग-अलग टैंक टर्मिनलों तक पहुंचाया गया।

## एम.वी. एससीआई मुंबई, शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया का एक बड़ा कंटेनर जहाज केआईसीटी कंडला टर्मिनल पर सुरक्षित रूप से घाट पर लगाया गया।

एम.वी. एससीआई मुंबई, शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया का एक बड़ा कंटेनर जहाज सुरक्षित रूप से अंदर लाया गया और केआईसीटी कंडला टर्मिनल के घाट पर लगाया गया। इस जहाज को तूतीकोरिन से निकलते हुए गोवा के पास भारी तूफान (बिपोरजॉय) का सामना करना पड़ा जिसकी वजह से इसमें दो कंटेनर किनारे पर लटके हुए थे और कुछ कंटेनर क्षतिग्रस्त थे। इसमें संपूर्ण जोखिम मूल्यांकन और सावधानी बरतने के बाद, जहाज को उच्च ज्वार आने पर दिन के समय घाट पर लगाने की अनुमति दी गई। जहाज को पोर्ट में लाने का महत्वपूर्ण कार्य कैप्टन प्रदीप मोहंती, उप संरक्षक के मार्गदर्शन में कैप्टन नितिन नंदा, समुद्री पायलट द्वारा किया गया।



# मुख्य अंश

## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण-कंडला द्वारा नए केंद्रीय विद्यालय के उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया।

दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, कंडला ने गोपालपुरी, गांधीधाम में नए केंद्रीय विद्यालय के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया। केंद्रीय विद्यालय-दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, पोर्ट नगरक्षेत्र में रहने वाली जनता के लिए लाभादायक साबित होगा। इस उद्घाटन समारोह में अध्यक्ष- दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण श्री एस.के. मेहता, आईएफएस; माननीय विधायिका-गांधीधाम, श्रीमती मालतीबेन महेश्वरी; श्री नंदीश शुक्ल-उपाध्यक्ष; श्री टी.वी. रवि-आयुक्त (सीमा शुल्क); श्री अरुण कुमार शर्मा- वरि. महाप्रबंधक (इफको); श्री आशीष धानिया- क्षेत्रीय प्रबंधक (गांधीधाम रेलवे); पत्तन के वरिष्ठ अधिकारी; केन्द्रीय विद्यालय के अधिकारी; बड़े पैमाने पर कर्मचारी और स्कूली बच्चों की उपस्थिति ने शोभा बढ़ाई।

मां सरस्वती को पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। गणमान्य अतिथियों ने दीप जलाकर, रिबन काटकर और कक्षाओं और अन्य सुविधाओं का निरीक्षण करके नए केंद्रीय विद्यालय-दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण का उद्घाटन किया। उनके द्वारा पौधरोपण भी किया गया।

केंद्रीय विद्यालय - इफको और केंद्रीय विद्यालय - रेलवे के स्कूली बच्चों ने अपने सुंदर सांस्कृतिक प्रदर्शन से इस अवसर की शोभा बढ़ाई।

अध्यक्ष श्री एस.के.मेहता ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए सभा को संबोधित किया और कहा कि बच्चे दुनिया के सबसे मूल्यवान संसाधन एवं देश का भविष्य हैं। उन्होंने गोपालपुरी, गांधीधाम में केन्द्रीय विद्यालय-दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण खोलने के प्रयासों और पहल के लिए दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण की टीम की भी सराहना की। कार्यक्रम का समापन प्राचार्य- केंद्रीय विद्यालय, दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।









# मुख्य अंश

## सर्बानंद सोनोवाल ने रुपये 123.40 करोड़ की लागत से दीनदयाल पोर्ट पर तेल जेटी के विकास को मंजूरी दी।

केंद्रीय पत्तन, पोत-परिवहन और जलमार्ग तथा आयुष मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल ने पीपीपी मोड के तहत बीओटी के आधार पर कंडला में सभी प्रकार के तरल कार्गो को संभालने के लिए कंडला के दीनदयाल पोर्ट पर तेल जेटी नंबर 09 के विकास की परियोजना को मंजूरी दे दी है। इस ऑयल जेट्टी को विकसित करने की अनुमानित परियोजना लागत रुपये 123.40 करोड़ होगी, इस परियोजना को पीपीपी मोड के माध्यम से कार्यान्वित किया जाना है तथा रियायतकर्ता परियोजना के लिए वित्तपोषण की व्यवस्था करेगा। जबकि निर्माण अवधि 24 महीने होने का अनुमान है, रियायती अवधि 30 वर्षों के लिए होगी। यह परियोजना प्रति टन रॉयल्टी के राजस्व शेयर मॉडल का पालन करेगी।
श्री सर्बानंद सोनोवाल ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, 'हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने एक बार कहा था कि कंडला पोर्ट में देश की अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा देने की क्षमता है। अत: तदनुसार यह परियोजना इस यात्रा में एक कीर्तिमान साबित होगी क्योंकि यह जेट्टी पोर्ट की क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ इसके पूरे आंतरिक क्षेत्र में समग्र आर्थिक विकास को बढ़ावा देगी। प्रस्तावित परियोजना पोर्ट की कार्गो हैंडलिंग क्षमता को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन की गई है, जिससे तरल जहाजों के टर्न-अराउंड समय में कमी आएगी। यह परियोजना रियायतग्राही से रॉयल्टी के संग्रह के माध्यम से दीनदयाल पोर्ट की आय में वृद्धि करेगी। विशाल आंतरिक क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए, जो समुद्री व्यापार के लिए दीनदयाल पोर्ट पर निर्भर है तथा वर्तमान में दीनदयाल पोर्ट की मौजूदा तरल हैंडलिंग सुविधाओं पर तरल नौभार प्रहस्तन की भीड़ हो गई है, इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए पोर्ट पर क्षमता वृद्धि अत्यंत महत्वपूर्ण है। अत: तभी ये पूरे देश की अर्थव्यवस्था के विकास के लिए सर्वोत्तम योगदान दे सकेगी। देश में व्यापार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में पोर्ट महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। देश में पोर्ट के बुनियादी ढांचे का विस्तार, आधुनिकीकरण, विकास और उन्नयन एक सतत प्रक्रिया है जिसमें नए जेटी, बर्थ तथा टर्मिनलों का निर्माण, मौजूदा बर्थ एवं टर्मिनलों आदि का मशीनीकरण और पोर्ट पर मानव संसाधन के कौशल का उन्नयन शामिल है। पत्तन, पोत-परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय का ध्यान बंदरगाहों की दक्षता में सुधार लाने और उन्हें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उन्नत करने पर है।
वित्तीय वर्ष 2023 में, दीनदयाल पोर्ट, कंडला ने 137.56 मिलियन मीट्रिक टन कार्गो का प्रहस्तन किया, जो पिछले वर्ष के 127.10 मीट्रिक टन से 8.23 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है, कंडला में संभाले गए कार्गो का 70% सड़क मार्ग से निकाला जाता है, जबकि 10% रेल द्वारा और 20% पाइपलाइन के माध्यम से निकाला जाता है। वर्ष 2030 तक, बंदरगाह की 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर दर्ज करने की उम्मीद है, जिससे इसका कार्गो दोगुना 267 मीट्रिक टन हो जाएगा। गौरतलब है कि, भारत में बंदरगाह क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत पत्तन, पोत-परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने गुजरात राज्य में सागरमाला कार्यक्रम के तहत रुपये 57,000 करोड़ की 74 परियोजनाओं की पहचान की है। जिनमें से रुपये 9,000 करोड़ की 15 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं; रुपये 25,000 करोड़ से अधिक की 33 परियोजनाएं कार्यान्वित हैं और रुपये 22,700 करोड़ की 26 परियोजनाएं विकासाधीन हैं। इससे संबद्ध सभी मंत्रालय, महापत्तन, राज्य समुद्री बोर्ड और अन्य राज्य एजेंसियां इन परियोजनाओं को कार्यान्वित करने का प्रयास कर रही हैं।

## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण द्वारा डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर को उनकी 132वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।





डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर की 132वीं जयंती के उपलक्ष्य में, श्री एस. के. मेहता आईएफएस अध्यक्ष ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहें तथा सभी ने डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर जी के योगदान की सराहना की।

# गतिविधियाँ

## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, कंडला ने राष्ट्रीय समुद्री दिवस के हीरक जयंती समारोह पर गुजरात के राज्यपाल को बधाई दी।

राष्ट्रीय समुद्री दिवस के हीरक जयंती समारोह के अवसर पर, श्री नंदीश शुक्ल, आईआरटीएस, उपाध्यक्ष, दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण और कैप्टन संतोष कुमार दारोकर, प्रधान अधिकारी, समुद्री वाणिज्य विभाग, कंडला ने महामहिम श्री आचार्य देवव्रत को एक स्मारिका और दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण की कॉफी टेबल बुक भेंट देकर स्वागत किया। उपाध्यक्ष, दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण ने महामहिम के समक्ष दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, कंडला की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के बारे में भी जानकारी दी।






## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय समुद्री दिवस 2023 का हीरक जयंती समारोह मनाया गया।



दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, कंडला ने डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर कन्वेंशन सेंटर में राष्ट्रीय समुद्री दिवस 2023 का हीरक जयंती समारोह मनाया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया और पूरे वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ट्रेड और पोर्ट उपयोगकर्ताओं को सम्मानित किया गया।



श्री एस.के. मेहता आईएफएस, अध्यक्ष-दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण; श्रीमती मालतीबेन महेश्वरी, माननीय विधायिका-गांधीधाम, श्रीमती इशिताबेन तिलवानी, अध्यक्ष, गांधीधाम नगरपालिका; कैप्टन दारोकर, पीओ-समुद्री वाणिज्य विभाग, कंडला; अन्य वरिष्ठ अधिकारी; कर्मचारी और पोर्ट उपयोगकर्ताओं की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# गतिविधियाँ

## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण द्वारा मर्चेंट नेवी सप्ताह मनाया गया।

दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, कंडला ने राष्ट्रीय समुद्री दिवस के उपलक्ष्य में 30 मार्च से 5 अप्रैल 2023 तक मर्चेंट नेवी सप्ताह मनाया। इस अवसर पर गणपत विश्वविद्यालय, मेहसाणा के सैन्य छात्रों ने बड़े ही रोमांच और उत्साह के साथ दीनदयाल पत्तन का दौरा किया। इसके अलावा, राष्ट्रीय समुद्री सप्ताह के जश्न के रूप में, दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, कंडला ने मरीन भवन और सभी जेट्टियों को प्रकाशमान किया। इस अवसर पर नाविकों एवं श्रमिकों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला।

## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय समुद्री दिवस के उपलक्ष्य में खेल कार्यक्रम आयोजित किया गया।

राष्ट्रीय समुद्री दिवस के उपलक्ष्य में, दीनदयाल पोर्ट ने दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण के ओवल ग्राउंड में रात के समय रस्साकशी प्रतियोगिता और टी-20 सीज़न बॉल क्रिकेट मैच का आयोजन किया। यह कार्यक्रम कैप्टन संतोष कुमार एस. दारोकर, समुद्री वाणिज्य विभाग-कंडला; कैप्टन प्रदीप मोहंती - उप संरक्षक; श्री सी. हरिचंद्रन - सचिव; श्री बी. भाग्यनाथ – वित्त सलाहकार एवं लेखाधिकारी; श्री सुशील चंद्र नाहक-मुख्य यांत्रिक अभियंता; श्री वाई.के. सिंह - वरिष्ठ उप सचिव; कैप्टन लालजी राम मीना, हार्बर मास्टर और दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस समारोह में श्री सी.एच. पीटर-अध्यक्ष, श्री मितेश धरमशी- कोषाध्यक्ष, कंडला स्टीम शिप एजेंट एसोसिएशन, श्री सुरोजीत चक्रोवरी- उपाध्यक्ष, कंडला कस्टम ब्रोकर एसोसिएशन, श्री शरद शेट्टी उपाध्यक्ष, कंडला शिप चैंडलर्स एसोसिएशन और अन्य वरिष्ठ पोर्ट उपयोगकर्ता उपस्थित रहे। रस्साकशी मैच दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण बनाम पोर्ट उपयोगकर्ता के बीच खेला गया, जिसमें दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण टीम 2-0 से जीत गई। उसके बाद 20-20 सीज़न का बॉल क्रिकेट मैच दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण बनाम पोर्ट उपयोगकर्ता की टीम के बीच खेला गया। दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 227 रन स्कोर किया, जबकि स्कोर का पीछा करते हुए पोर्ट यूजर्स की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 113 रन बनाए। दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण की टीम ने 114 रन से मैच जीत लिया।








# गतिविधियाँ

## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, कंडला द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2023 पर योग सागरमाला मनाया गया।

दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, कंडला द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2023 के अवसर पर नॉर्थ गेट, कंडला में श्री एस.के. मेहता, आईएफएस, अध्यक्ष; श्री नंदीश शुक्ल, आईआरटीएस, उपध्यक्ष; विभागाध्यक्ष; वरिष्ठ अधिकारी; कर्मचारी; पण्यधारकों और शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति में 400 से अधिक प्रतिभागियों के साथ योग सागरमाला मनाया गया। दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, कंडला ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 के अवसर पर फिलिपिनो नाविकों और जहाज के चालक दल के सदस्यों के साथ कंडला के कार्गो जेट्टी-13 पर खड़े जहाज एम.वी. स्यामी पर योग सागरमाला मनाया।





## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, गोपालपुरी केन्द्रीय विद्यालय ने शाला प्रवेशोत्सव-2023 मनाया।

केन्द्रीय विद्यालय, दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, गोपालपुरी द्वारा शाला प्रवेशोत्सव-2023 मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन श्री एस. मेहता, आईएफएस, अध्यक्ष द्वारा प्रिंसिपल, विभागाध्यक्षों और पोर्ट के अधिकारियों की उपस्थिति में दीप जलाकर किया गया। इस अवसर पर पोर्ट की प्रथम महिला श्रीमती अमिता मेहता भी उपस्थित रही। मुख्य अतिथि - श्री एस. के. मेहता, आईएफएस, अध्यक्ष दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण द्वारा प्रिंसिपल- केन्द्रीय विद्यालय दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण , विभागाध्यक्षों, पोर्ट के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शिक्षकों, छात्रों और उनके अभिभावकों की उपस्थिति में केन्द्रीय विद्यालय, दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण की कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया गया। श्री एस. के मेहता, आईएफएस, अध्यक्ष दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण और पोर्ट की प्रथम महिला श्रीमती अमिता मेहता ने शाला प्रवेशोत्सव 2023 के अवसर पर केन्द्रीय विद्यालय, दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण के छात्रों को "बैक-टू-स्कूल" किट वितरित किया और उन्हें आशीर्वाद दिया।






# गतिविधियाँ

## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण द्वारा अपने सेवानिवृत्त अधिकारियों को सम्मानित किया गया।

माननीय पत्तन, पोत-परिवहन और जलमार्ग मंत्री द्वारा हाल ही में की गई कंडला की यात्रा के दौरान दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण से सेवानिवृत्त अधिकारियों को सम्मानित करने पर विचार रखा गया। पोर्ट पेंशनभोगियों द्वारा प्रदान की गई सेवाओं की सराहना करने एवं उन्हें सम्मानजनक स्थान देने के लिए पत्तन, पोत-परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा इस आशय पर एक पत्र भी भेजा गया, जो बहुत ही उत्तम कोटि का कार्य रहा। पोर्ट द्वारा की गई प्रगति सराहनीय तो है ही साथ ही सेवानिवृत्त अधिकारियों के लिए यह एक बड़ा सम्मान भी है। इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, दिनांक 20.3.2023 को दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण के सेवानिवृत्त इंजीनियरों, जिन्होंने पोर्ट के निर्माण और विकास में अपने 30-40 साल का जीवन दिया, के लिए एक पोर्ट यात्रा आयोजित की गई। इस सद्भावना भाव की व्यापक सराहना की गई। सेवानिवृत्त इंजीनियरों की सेवाओं को सम्मानित एवं उनके लिए दौरे की व्यवस्था करने के लिए, उनके द्वारा मंत्रालय, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और मुख्य अभियंता को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। पोर्ट दौरे के दौरान, श्री रेड्डी और उनकी टीम ने उन्हें पोर्ट पर चल रहे निर्माण गतिविधियों और प्राप्त प्रगति से अवगत कराया। सेवानिवृत्त अधिकारियों ने आभार व्यक्त करते हुए दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण को भविष्य के सभी प्रयासों में और अधिक सफलता मिले ऐसी कामना व्यक्त की।

## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण द्वारा कंडला के दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण अस्पताल में महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

अध्यक्ष- दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, श्री एस.के. मेहता, आईएफएस, ने श्री नंदीश शुक्ल, आईआरटीएस, उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत कंडला क्षेत्र के आसपास की जनता के लिए दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण अस्पताल, कंडला में महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का दीप प्रज्वलित करके उद्घाटन किया।

दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण द्वारा 7 दिनों के लिए निःशुल्क दवाएँ दी गई। डॉ. रेनू चंदनानी, डॉ. वैष्णवी गायकवाड़, डॉ. शुखा गलसर के साथ-साथ दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण की डॉ. वंदना सूर्यवंशी, डॉ. रेखा बामनिया और डॉ. नीतू वचेता ने अपनी सेवाएँ दी। लगभग 100 मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया।





## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण ने 59 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित करने के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया।





दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण ने स्मृति चिन्ह के माध्यम से जुलाई से दिसंबर 2022 तक पोर्ट सेवा से सेवानिवृत्त हुए 59 कर्मचारियों को सम्मानित करने के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। समारोह में दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री एस.के. मेहता, आईएफएस, सभी विभागाध्यक्ष और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहें।

## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2023 मनाया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस 2023 अर्थात 5 जून, 2023 के अवसर पर, कंडला में दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण के सभी विभागाध्यक्षों, उप विभागाध्यक्षों और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में, श्री एस.के. मेहता, आईएफएस, अध्यक्ष और श्री नंदीश शुक्ल, आईआरटीएस, उपाध्यक्ष द्वारा 10,000 से अधिक पौधों के विशाल वृक्षारोपण का उद्घाटन किया गया। वृक्षारोपण अभियान के बाद एक अनुस्मारक के रूप में 'बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन' अभियान के तहत प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान पर ध्यान केंद्रित करने तथा जनता के बीच जागरूकता फैलाने के लिए प्लास्टिक सफाई अभियान चलाया गया। वृक्षारोपण अभियान के साथ-साथ प्लास्टिक सफाई अभियान के सभी प्रतिभागियों को इनडोर पौधों से सम्मानित किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस से एक सप्ताह पहले, मिशन लाइफ के अनुसरण में, सभी महापत्तनों के व्यक्तियों, छात्रों और अधिकारियों को क्रमशः "प्रेरणा बनें, पर्यावरण योद्धा बनें और अपनी कहानी साझा करें" विषय के तहत प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने में अपना योगदान देने के लिए आमंत्रित किया गया। पैन (PAN) इंडिया भागीदारी के लिए, 26 मई से 3 जून तक गूगल फॉर्म के माध्यम से चित्र, कविता, नारा, निबंध, संक्षिप्त लेखन के रूप में प्रस्तुतियाँ की जानी थीं तथा प्रत्येक श्रेणी के तहत सकारात्मक प्रतिक्रियाएँ प्राप्त हुई। 'प्रेरणा बनें' के अंतर्गत विजेता रहे- अहमदाबाद की श्रीमती जालपा शाह, नागपुर की सुश्री अनुपमा, के.वी. और मुंबई के श्री आवेश मुकादम, 'पर्यावरण योद्धा बने' के अंतर्गत विजेता रहे- सुश्री हनी महेश खिलवानी, जीएमईआरएस मेडिकल कॉलेज, वडनगर; श्री स्वास्तिक दाहिमा, कच्छ विश्वविद्यालय, भुज और छात्र कनिष्क राठौड़, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के प्रथम वर्ष के छात्र, आदिपुर तथा 'अपनी कहानी साझा करें' के तहत विजेता रहे- श्री आर. शंकरनारायणन, वी. ओ. चिदंबरनार पोर्ट प्राधिकरण से 'समुद्री क्षेत्र में ईएसजी की प्रयोज्यता' पर अपने लेखन के लिए; श्री राघवेंद्र स्वामी, न्यू मैंगलोर पोर्ट प्राधिकरण से 'समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण' के लिए; श्री स्वयं चौधरी, न्यू मैंगलोर पोर्ट प्राधिकरण से 'ऊर्जा संरक्षण' के लिए और डॉ. निमिश पिल्लई, मोरमुगाओ पोर्ट प्राधिकरण से 'जल संरक्षण' के लिए। विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रत्येक श्रेणी के विजेताओं की घोषणा की गई और उन्हें रोमांचक पर्यावरण-अनुकूल उपहारों से पुरस्कृत किया गया। शेष प्रतिभागियों को ई-प्रमाणपत्र से पुरस्कृत किया जाएगा। मुख्य अभियंता, श्री रवीन्द्र रेड्डी ने अपने भाषण में एक स्थायी भविष्य की दिशा में काम करने और रोजमर्रा के आधार पर हमारे द्वारा उपयोग किए जाने वाले प्लास्टिक का जिम्मेदारी से उपभोग और निपटान करने पर जोर दिया। इसके अलावा, कार्यक्रम की मेजबानी श्रीमती संगीता खिलवानी ने किया। विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को प्लास्टिक प्रदूषण के पर्यावरणीय परिणामों और वर्तमान समय की सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक चुनौतियों को हल करने में उनके योगदान पर भाषण देने के लिए आमंत्रित किया गया। रुद्र ब्लू प्लैनेट एनवायर्नमेंटल सॉल्यूशंस (इंडिया) पब्लिक लिमिटेड के निदेशक और "केशव सीता मेमोरियल फाउंडेशन ट्रस्ट", पुणे के ट्रस्टी श्री शिरीष फड़तारे ने थर्मो कैटेलिटिक डीपोलीमराइजेशन (टीसीडी) तकनीक का उपयोग करके प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन को ईंधन में परिवर्तित करके अपने योगदान को साझा किया; खमीर क्राफ्ट्स सोसाइटी, भुज ने प्लास्टिक कचरे का पुन: उपयोग करने और पर्यावरण की रक्षा करने के तरीकों को खोजने में अपने हस्तक्षेप तथा हाशिए पर रहने वाले लोगों को वित्तीय रूप से समर्थन देने में अपने योगदान के बारे में जानकारी दी। गुजरात इंस्टीट्यूट ऑफ डेजर्ट इकोलॉजी, भुज के डॉ. वी. विजय कुमार ने मरुस्थलीकरण और जलवायु परिवर्तन पर अपनी विशेषज्ञता के साथ दर्शकों को "प्लास्टिक के कारण भूमि क्षरण और जलवायु परिवर्तन में वृद्धि – अब समय कुछ करने का आ गया है" विषय पर प्रबुद्ध किया।







# गतिविधियाँ

## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, कंडला द्वारा स्वास्थ्य, पोषण और व्यायाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।





दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के तहत प्रतिष्ठित स्वास्थ्य प्रशिक्षक श्री जाहिद दफरानी द्वारा स्वास्थ्य, पोषण और व्यायाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सचिव श्री सी. हरिचंद्रन ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया, जिसमें अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, कंडला द्वारा आत्मरक्षा तकनीक पर सत्र का आयोजन किया गया।

दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, कंडला ने आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत श्री पीयूष जी. श्रीवास्तव द्वारा आत्मरक्षा तकनीक पर सत्र का आयोजन किया। डीपीए के सचिव श्री सी. हरिचंद्रन ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया, जिसमें अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।





## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण द्वारा पोर्ट कर्मचारियों के बच्चों के लिए कोचिंग शिविर आयोजित किया गया।

दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण द्वारा पोर्ट कर्मचारियों के बच्चों के लिए 24 अप्रैल से 15 मई, 2023 तक नाटक और संगीत के क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन कोचिंग शिविर का आयोजन किया गया। अंत में प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह वितरित किये गये।

# गतिविधियाँ

## श्री एस. के. मेहता-अध्यक्ष, दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण ने 52वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का उद्घाटन किया।

श्री एस. के. मेहता, आईएफएस अध्यक्ष, दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण ने, श्री नंदीश शुक्ल, आईआरटीएस, उपाध्यक्ष; पोर्ट के वरिष्ठ अधिकारी; ट्रेड यूनियन, पण्यधारक और पोर्ट उपयोगकर्ता की गरिमामयी उपस्थिति में "हमारा लक्ष्य-शून्य नुकसान" विषय पर 52वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का उद्घाटन किया। अध्यक्ष- दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण ने पोर्ट में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक श्रमिक और कर्मचारी को अपने कार्य के दौरान स्वयं सुधार करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सुरक्षा उपायों और व्यावसायिक खतरों को कम करने के लिए प्रतिबद्ध रहने की आवश्यकता को रेखांकित करने की प्रतिज्ञा के साथ की गई।









52वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दूसरे दिन, दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण कंडला में मास्कोट के माध्यम से बालविद्या मंदिर, कंडला स्कूल में तथा विभिन्न स्थानों पर सड़क सुरक्षा उपायों और सावधानियों के बारे में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 150 छात्रों सहित 650 से अधिक कार्मिकों को शामिल किया गया।

52वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के तीसरे दिन, दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण कंडला ने सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षक श्री अमित खत्री द्वारा सुरक्षा तथा उत्पादकता री-इंजीनियरिंग और रक्षात्मक सुरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन कंडला और प्रशासनिक भवन के दीक्षा कक्ष में किया, जिसमें 80 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।









52वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के तहत दिनांक 12-04-23 को श्री ए. रामासामी, मुख्य प्रचालन अधिकारी-वाडीनार के मार्गदर्शन में दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण के अपतट तेल टर्मिनल, वाडीनार में कोस्ट गार्ड जेट्टी निर्माण स्थल पर पीपीई और सुरक्षा गैजेट्स का लाइव प्रदर्शन कर सुरक्षा जागरूकता फैलाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# गतिविधियाँ

52वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के तहत श्री ए. रामासामी, मुख्य प्रचालन अधिकारी, ओओटी-वाडीनार, दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण द्वारा सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रतिज्ञा (द्विभाषी) लेने के साथ कार्यक्रम शुरू किया गया। बाद में प्रशासनिक भवन, अपतट तेल टर्मिनल-वाडीनार के प्रशिक्षण कक्ष, में मूरिंग ऑपरेशंस के दौरान संरक्षा पर एक सार्थक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।









52वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के चौथे दिन के दौरान व्यूअर गैलरी – कंडला में सुरक्षा पर कविता, नारे, पोस्टर और मॉडल बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रशासनिक भवन और ओओटी-वाडीनार, में कुल 80 से अधिक कार्मिको ने भाग लिया।

52वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के 5वें दिन "सुरक्षा रथ" को पोर्ट और तेल भंडारण टर्मिनलों के अंदर ले जाया गया। कार्मिकों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए 10 स्थानों पर जहरीली गैस से सुरक्षा और सड़क सुरक्षा पर वीडियो दिखाए गए, जिसमें 600 से अधिक कार्मिकों को शामिल किया गया।











एक सप्ताह तक चलने वाले '52वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह' का समापन श्री नंदीश शुक्ल-आईआरटीएस, उपाध्यक्ष, सचिव, यातायात प्रबंधक, मुख्य यांत्रिक अभियंता, हार्बर मास्टर, उप कमांडेंट, बंदरगाह अधिकारी, पी.एच.ओ., पोर्ट कर्मचारी तथा श्रमिक, पोर्ट उपयोगकर्ता और ट्रेड यूनियन के नेताओं के शानदार उपस्थिति में हुआ। अपने भाषण में उपाध्यक्ष ने इस बात पर जोर दिया कि यद्यपि पोर्ट सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता लाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है, लेकिन सुरक्षा की भावना पहले व्यक्ति में पैदा और विकसित होनी चाहिए। निरंतर उत्कृष्टता और पूर्णता के लिए, उन्होंने जापानी अवधारणा 'काइज़ेन' का हवाला दिया, जहां हर कोई उच्च से उच्चतम परिणाम देने के लिए अपने कौशल को लगातार बढ़ाने की कोशिश में लीन रहता है। सुरक्षा नारा और कविता लेखन, मॉडल और पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता में जीतने वाले कई कर्मचारियों के साथ-साथ चिकित्सा अधिकारी, विभिन्न फोरमैन, क्रेन ऑपरेटर, ट्रक ड्राइवर, सिग्नलमैन, लोडिंग मास्टर, ट्रैफिक इंस्पेक्टर, सीआईएसएफ इंस्पेक्टर, स्टेशन अधिकारी (फायर ब्रिगेड) आदि द्वारा प्रदान की गई सेवाओं की सराहना की गई और उन्हें एक प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, 4 सर्वश्रेष्ठ पोर्ट उपयोगकर्ता यानी (1) गौतम फ्रेट प्रा. लिमिटेड, स्टीवडोरिंग के क्षेत्र में (2) जे.एम.बैक्सी एंड कंपनी, वेसल एजेंट होने के क्षेत्र में (iii) स्वयं शिपिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को कस्टम हाउस एजेंट होने के क्षेत्र में और (iv) पटेल कंस्ट्रक्शन कंपनी को सिविल/अनुरक्षण ठेकेदार होने के क्षेत्र में भी उपाध्यक्ष के करकमलों से सम्मानित किया गया। श्री भावेश मढवी-संरक्षा अधिकारी ने सभी को सूचित किया और प्रसन्नता व्यक्त की कि वर्ष 2022 में, सुरक्षा के क्षेत्र में किए गए निरंतर और उन्नत प्रयासों में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए राष्ट्रव्यापी प्रतिष्ठित संस्थान 'राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद, नवी मुंबई' द्वारा दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण को 'प्रशंसा प्रमाणपत्र' प्रदान किया गया।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम

## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण द्वारा 'अनुशासनात्मक कार्यवाही' पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।





वार्षिक प्रशिक्षण कैलेंडर के तहत, 26 और 27 जून 2023 को दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण  द्वारा 'अनुशासनात्मक कार्यवाही' पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। चेन्नई के एक प्रतिष्ठित संकाय डॉ. एस.एन. वेंकटेशन ने प्रशिक्षण दिया। जिसमें 26 अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया एवं इस विषय पर विस्तृत जानकारी प्राप्त किया।

## दीनदयाल पोर्ट ने एनडीएमए के सहयोग से सीबीआरएन पर आपातकालीन प्रबंधन पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।





दीनदयाल पोर्ट ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु विषयों पर आपातकालीन प्रबंधन पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। श्री नंदीश शुक्ल, आईआरटीएस, उपाध्यक्ष ने श्री एस.के.घोष, वरिष्ठ सलाहकार-एनडीएमए और पोर्ट के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण में पूर्ण-दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण में पूर्ण-दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन उपाध्यक्ष श्री नंदीश शुक्ल ने किया। कार्यशाला में 25 सहभागियों को राजभाषा कार्यान्वयन, टिप्पण प्रारूपण,कंप्यूटर पर हिंदी टंकण, भाषा ज्ञान आदि पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला के अंतिम चरण में सहभागियों के लिए राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता प्रतिभागियों को वरिष्ठ उप सचिव के करकमलों से पुरस्कृत किया गया। कार्यशाला में 25 कार्मिकों ने भाग लिया।





# पुरस्कार एवं सम्मान

## मंत्रालय द्वारा दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण को उच्चतम नौभार का प्रहस्तन करने के लिए सम्मानित किया गया।

दि.10 मई को नई दिल्ली में 'हरित सागर' ग्रीन पोर्ट दिशानिर्देश 2023 को लॉन्च करने के लिए आयोजित समारोह के दौरान, दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण (डीपीए) को वर्ष 2022-23 के लिए 137.56 एमएमटी उच्चतम नौभार को संभालने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के रूप में सम्मानित किया गया।
केंद्रीय पत्तन, पोत-परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल और केंद्रीय पत्तन, पोत-परिवहन एवं जलमार्ग राज्य मंत्री श्री श्रीपद नाईक, केंद्रीय पत्तन, पोत-परिवहन एवं जलमार्ग राज्य मंत्री और अन्य श्रेष्ठ मंत्रियों की उपस्थिति में अध्यक्ष- दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, एस. के. मेहता ने आईएफएस; उपाध्यक्ष श्री नंदीश शुक्ल, आईआरटीएस एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सर्वाधिक नौभार प्रहस्तन के क्षेत्र में “सागर श्रेष्ट सम्मान” को ग्रहण किया गया।



# दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण खबरों में

SAGARMALA
PORT-LED PROSPERITY




दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण
DEENDAYAL PORT AUTHORITY

दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण

पोस्ट बॉक्स सं. 50, प्रशासनिक कार्यालय भवन, टैगोर रोड,
गांधीधाम (कच्छ) गुजरात – 370 201.

**FOLLOW US ON**

www.deendayalport.gov.in